कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल–263001(उत्तराखण्ड)
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL, 263001 (UTTARAKHAND), INDIA
Office: 05942-236856 (Extn-328), Fax:05942235213
Email:caoresearchku@gmail.com & sriccku@gmail.com, Website:www.kunainital.ac.in
Research and Development Cell

No. KU/RDC/RDET/2024-25/353 Dated: 10 February 2025

सेवा में,

1.परिसर निदेशक
डी.एस.बी.परिसर नैनीताल/ सर जे.सी. बोस परिसर भीमताल, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल
2. समस्त संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष
डी.एस.बी.परिसर नैनीताल/ सर जे.सी. बोस परिसर भीमताल, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल
3. समस्त प्राचार्य/ निदेशक
सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय/ संस्थान
कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल

विषय: कुमाऊं विश्वविद्यालय पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2024-25 हेतु विभिन्न विषयों में पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु रिक्त हुयी सीटों की सूचना पोर्टल के माध्यम से दिये जाने के संबंध में ।

महोदया/ महोदय

कुमाऊं विश्वविद्यालय शोध अध्यादेश 2023 के उपबंध 2 (साथ पढ़ें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विशेषज्ञ समिति की 578 वीं बैठक में की गयी संस्तुति) के अनुसार वर्ष 2024-25 में कुमाऊं विश्वविद्यालय पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2024-25 के माध्यम से विभिन्न विषयों में पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु रिक्त हुयी सीटों के सापेक्ष प्रवेश किये जाने हैं ।

इस प्रक्रिया के माध्यम से अपने अन्तर्गत रिक्त सीटों को भरने के लिये इच्छुक योग्य शोध निर्देशकों की रिक्त सीटों की सूचना को अद्यतन किया जाना है । इस हेतु कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के पोर्टल (https://kuntl.net/rdet_vacancy/) को दिनांक 11.02.2025 06.00PM बजे से 18.02.2025 06.00PM बजे तक खोला जा रहा है ।

इस क्रम में दी जाने वाली रिक्त सीटों की सूचना निम्न प्रावधानों के अधीन ही स्वीकार्य की जाएंगी:

1.उत्तराखंड राज्य सम्मिलित पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा २०२४ के माध्यम से तृतीय काउंसलिंग तक भरी गयी सीटों के पश्चात रिक्त सीटें ही इस प्रक्रिया द्वारा भरने हेतु दी जा सकती हैं । किसी निर्देशक द्वारा इस प्रक्रिया के माध्यम से भरी जाने वाली सीटों को नये सिरे से दिया जाना अनिवार्य होगा ।

2. शोध निर्देशक के अन्तर्गत वर्तमान में भरी और वर्तमान में रिक्त कुल सीटों की संख्या कु.वि.वि. शोध अध्यादेश 2023 के उपबंध C(i) के अनुरूप ही होनी चाहिये ।

3. शोध निर्देशक की वर्तमान नियुक्ति कु.वि.वि. शोध अध्यादेश 2023 के उपबंध K में वर्णित शोध केन्द्र में होनी अनिवार्य है ।

4. एक बार दी गयी रिक्तियां विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने तक वापस लेना/ कम करना संभव नहीं होगा ।

5. रिक्त सीटों की संख्या संबंधित सूचना केवल उपर्युक्त पोर्टल के माध्यम से तय समय तक ही स्वीकार्य होंगी ।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में अनुरोध है कि सभी संबंधितों को इस सूचना को अपने-अपने स्तर पर शीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें ।

निदेशक
शोध एवं विकास प्रकोष्ठ
कुमाऊं विश्वाविद्यालय, नैनीताल